दिनांक 09 फरवरी 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कुरूद क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर की गई कार्रवाई , वैशाली नगर की टीम ने मार्ग संरचना सहित डीपीसी लेवल को किया ध्वस्त

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड 16 कुरूद क्षेत्र में बड़े पैमाने पर किए जा रहे अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही की गई। जोन क्रमांक 02 क्षेत्र अंतर्गत अवैध प्लाटिंग व अनाधिकृत रूप से किए जा रहे मार्ग संरचना को जेसीबी से हटाया गया। मौके से 03 ट्रिप मुरम भी जप्त किया गया। निगम भिलाई द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग पर लगाम कसने हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। वार्ड 16 कुरूद क्षेत्र में वृहद स्तर पर अवैध रूप से प्लाटिंग व निर्माण करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने जेसीबी , हाइवा के साथ निगम की तोड़फोड़ व उड़नदस्ता दस्ता की टीम स्थल पर पहुंची, टीम ने विद्युत कार्यालय के समीप लोहिया रोड के पास उदय फार्म हाउस के नजदीक तथा कुरूद के शीतला तालाब के पास अवैध तरीके से बनाए जा रहे मकान के नींव को तोड़कर ध्वस्त किया गया। जोन 02 वैशालीनगर क्षेत्रांतर्गत अवैध प्लाटिंग के मामले में दो अलग अलग स्थानों पर कार्यवाही की गई। वार्ड 16 कुरूद क्षेत्र के लोहिया रोड तथा शीतला तालाब के सामने हो रहे अवैध प्लाटिंग की रोकथाम करने मार्ग संरचना को ध्वस्त किया गया, साथ ही सीमेंट पोल, चुना मार्किंग एवम डीपीसी लेवल को हटाया गया। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने भिलाई निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग, अवैध कब्जा, अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश समस्त जोन आयुक्तों को दिए हैं , आयुक्त के निर्देश के पालन में जोन आयुक्त जोन क्रमांक दो पूजा पिल्ले द्वारा लोहिया रोड कुरूद क्षेत्र में अवैध रूप से किए गए प्लाटिंग तथा बगैर परमिशन बनाए जा रहे मकान के नींव को तोड़ने की कार्यवाही की गई है। जोन 02 के सहायक राजस्व अधिकारी संजय वर्मा ने बताया कि दो स्थानों पर अवैध प्लाटिंग की सूचना मिली थी , जिस पर संज्ञान लेते हुए जोन आयुक्त के साथ जोन के राजस्व विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और अज्ञात व्यक्तियों द्वारा किए जा रहे अवैध प्लाटिंग पर लगाम कसने कार्यवाही की गई। मौके पर तोड़फोड़ दस्ता जेसीबी व हाइवा के साथ पहुंची थी , लोहिया रोड उदय फाॅर्म हाउस के पास अवैध प्लाटिंग के लिए बनाए गए मार्ग संरचना को जेसीबी से काटते हुए ध्वस्त किया गया , स्थल से 3 ट्रिप मुरूम भी जप्त किया गया। इसी प्रकार कुरूद के शीतला तालाब के पास भी अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही करते हुए मुरूम से बनाए गए मार्ग संरचना और मकान बनाने के लिए नींव को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। श्री वर्मा ने आगे बताया कि रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए रजिस्ट्रार कार्यालय को तथा बटांकन नहीं करने को लेकर तहसीलदार को पत्र प्रेषित किया जाएगा! कार्यवाही के दौरान उप अभियंता शंकरसुमन मरकाम व जोन के राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी